रोकथाम के लिए अन्य कार्यनीतियां; तस्करी कर लाए गए एवं अंतर्राज्यीय प्रवासी बच्चों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं की संस्तुति करना; बाल श्रम की समस्या पर जागरूकता एवं संवेदीकरण को बढ़ाते हुए जिला–राज्य स्तरीय हितधारकों का क्षमता को सुदृढ़ करते हुए राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संस्तुति करना; तथा अधिक समन्वित दृष्टिकोण के द्वारा बाल श्रम की रोकथाम एवं अनुक्रिया के लिए आवश्यक कौशलों एवं ज्ञान से लैस करना। इस परियोजना ने बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत नियमों के मसौदे तैयार करने के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य–स्तरीय परामर्शों में जानकारी प्रदान की तथा नियमों के जागरूकता सृजन में बहु–हितधारकों को भी जानकारी प्रदान की।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को नवम्बर 2016 में शुरु, तथा मई 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B QSyks½

2- cky Je dkuuksa vkSj dk;Z; fu;eksa dh vf/klwpuk esa la'kks/ku ds vk/kkj ij çf'k{k.k iSdst dk fodkl ¼Qst&1½

mn~ns';

- आठ उच्च बाल श्रमिक संकेंद्रण वाले राज्यों में कामकाजी बच्चों की संख्या में कमी लाने हेतु आधार तैयार करना।
- बाल श्रम की रोकथाम और अनुक्रिया में अधिक अभिसरित तरीके से कार्य करने हेतु राज्य और जिला–स्तरीय कार्यकर्ताओं को सुदृढ़ बनाना।
- यह सुनिश्चित करना कि बाल श्रम की रोकथाम और अनुक्रिया के लिए राज्य और जिला–स्तरीय कार्यकर्ताओं के पास वर्धित ज्ञान और कौशल हैं।
- इस परियोजना में बाल श्रम एवं शिक्षा की डेस्क समीक्षा शामिल थी।

ifj.kke

जिला और राज्य–स्तरीय कार्यकर्ताओं को स्पष्ट तौर पर बताया गया कि उनकी उनकी भूमिकाएं एवं जिम्मेदारियां क्या हैं; सामाजिक संरक्षण स्कीमों की जानकारी के साथ बाल श्रम की रोकथाम एवं अनुक्रिया कैसे की जाए; तथा स्कीमों की सेवाओं एवं हितलाभों तक पहुंच बनाने की प्रक्रिया क्या है।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

परियोजना को मई 2018 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B QSyks½

3- cky Je dkuuks esa l'kks/kuks rFkk vrjk"Vh; vfHkle;ks ds vuqleFkZu ds vk/kkj ij cky Je dh jksdFkke vkSj iuokZl ij jkT; ,o ftyk&Lrjh; cg&fgr/kkjdks dh {kerk dk fuekZ.k ¼Qst&1½

mn~ns';

- विभिन्न सामाजिक भागीदारों और हितधारकों को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण मॉड्यूल और एक पुस्तिका विकसित करना।
- बाल श्रम का मुकाबला करने हेतु इनके अनुप्रयोग और उपयोग के लिए अधिगम को बनाए रखने में सक्षम बनाना।

ifj.kke

संलेखों, नमूना मामला अध्ययनों और सत्र–विशिष्ट प्रशिक्षण सामग्री के साथ व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल, लक्ष्य–विशिष्ट पुस्तिकाओं को तैयार करने के लिए मौजूदा मैन्युअल एवं पैकेजों की समीक्षा की जा रही है। प्रशिक्षण सामग्री में बाल श्रम की परिस्थिति, प्रकार, निर्धारक, निवारक, परिणाम; बाल श्रम के मिथक; पुनर्वास दृष्टिकोण तथा काल श्रम का समाधान करने में आने वाली चुनौतियां; बाल श्रम को प्रभावित करने वाली सरकारी विकासात्मक स्कीमें तथा हितलाभों को पाने के साधन आदि पर पुस्तिकाएं शामिल हैं। अधिगम के हस्तांतरण और ज्ञान एवं कौशल प्राप्त करने के लिए व्यवस्थित तरीके से सुविधा प्रदान की जा रही है। विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए पुस्तिकाएं तैयार की गयी हैं जिनमें उनकी भूमिका एवं जिम्मदारी को बताया गया है। साथ ही, इनमें बाल श्रम की रोकथाम एवं अनुक्रिया के लिए उनकी भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के तरीकों, प्रक्रियाओं एवं तकनीकों का भी वर्णन किया गया है।

v/;;u dk 'kq# ,o iwjk djus dh frfFk

परियोजना को मई 2018 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- gsyu vkj- lsdj] ofj"B Qsyks½

tkjh ifj;kstuk,a

1- çf'k{k.k ekWM;wy ,oa çf'k{k.k eSU;qvy cukuk rFkk ftyk&fof'k"V ;kstuk fodflr djds cky Je ds f[kykQ dkjZokbZ;ksa ds vfHklj.k ds fy, çlkfjr djukA

mn~ns';

- चुनिंदा उच्च बाल श्रमिक संकेंद्रण वाले राज्यों के 24 जिलों में कामकाजी बच्चों की संख्या में कमी लाने हेतु आधार तैयार करना।

- बाल श्रम की रोकथाम और अनुक्रिया में अधिक अभिसरित तरीके से कार्य करने हेतु राज्य और जिला–स्तरीय कार्यकर्ताओं को सुदृढ़ बनाना तथा यह सुनिश्चित करना कि बाल श्रम की रोकथाम और अनुक्रिया के लिए राज्य और जिला–स्तरीय कार्यकर्ताओं के पास वर्धित ज्ञान और कौशल हैं।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को नवम्बर 2018 में शुरु किया गया, एवं इसे अगस्त 2019 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk fun'kd½ Mk- gyu vkj- ldj] ofj"B Qyk½

2- Hkkjr e vkifrZ J`[kykvk e cky Je dk lek/kku dju dh igy% {k=okj Qkdl dk ekufp=.k

mn~n';

- ऐसे उपचारी उपायों का पता लगाना जो कार्य से बच्चों के पुनर्वास वाली परियोजनाओं का समर्थन करके किए जा सकते हैं।
- व्यवसाय प्रथाओं के माध्यम से तथा आपूर्तिकर्ताओं के व्यवसाय अभ्यास को प्रभावित करने के लिए अन्य पार्टी पर इसकी शक्ति का उपयोग करके आपूर्ति श्रृंखलाओं में काम में बच्चों के प्रवेश को रोकने के लिए व्यापारियों की जिम्मेदारियों का पता लगाना।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को सितम्बर 2018 में शुरु किया गया, एवं इसे मई 2019 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;kstuk fun'kd½ Mk- gyu vkj- ldj] ofj"B Qyk½

3- cky Je dkuwuk e l'kk/kuk rFkk vrjkZ"Vh; vfHkle;k d vuleFkZu d vk/kkj ij cky Je dh jkdFkke vkj iuokZl ij jkT; ,o ftyk&Lrjh; cg&fgr/kkjdk dh {kerk dk fuekZ.k ¼Qt&2½

mn~n';

- हॉट स्पॉट शहरों तथा 08 उच्च बाल श्रमिक संकेंद्रण वाले राज्यों के 24 जिलों में विभिन्न सामाजिक भागीदारों और हितधारकों को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से विकसित मॉड्यूल और पुस्तिका का उपयोग करके बहु–हितधाकरों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- बाल श्रम का मुकाबला करने हेतु इनके अनुप्रयोग और उपयोग के लिए अधिगम को बनाए रखने में सक्षम बनाना। अधिगम के हस्तांतरण और ज्ञान एवं कौशल प्राप्त करने के लिए

व्यवस्थित तरीके से सुविधा प्रदान की जाएगी। बाल श्रम की रोकथाम एवं अनुक्रिया के लिए उनकी भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के तरीकों, प्रक्रियाओं एवं तकनीकों का भी वर्णन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास किया जाएगा।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को मार्च 2018 में शुरु किया गया, एवं इसे मार्च 2020 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;ktuk fun'kd% Mk- gyu vkj- ldj] ofj"B Qyk½

Áe[k dk;l'kkyk,@lfeukj

- cky Je dk lek/kku dju vkj cky lj{k.k lfuf'pr dju ij Áf'k{k.k dk;l'kkyk

जम्मू और कश्मीर में बाल श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए 29–31 अक्टूबर 2018 के दौरान जम्मू में 'बाल श्रम का समाधान करने और बाल संरक्षण सुनिश्चित करना' पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जम्मू और कश्मीर राज्य में बाल श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए आयोजित की गई। इसमें बाल श्रम एवं संबंधित मुद्दों पर काम करने वाले बहु–हितधारकों एवं सामाजिक भागीदारों के 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला में समूह चर्चा की अध्यक्षता करते हुए डॉ. हेलन आर. सेकर, वरिष्ठ फेलो

- cky Je&eDr Hkkjr cuku d fy, ftyk ,o mi ftYkk Lrjk ij ohoh th,u,yvkbl d gLr{ki

'जिला स्तर पर अभिसरित योजना के माध्यम से बाल श्रम की रोकथाम और अनुक्रिया' पर एक अंतर्राज्यीय सम्मेलन का आयोजन 09 फरवरी 2019 को दशरथ माँझी श्रम संस्थान, पटना, बिहार में किया गया। इस सम्मेलन में आईएलओ, फ्रीडक फ्रंट, यूनिसेफ, एक्शन एड जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों; राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग; राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग; महाराष्ट्र; पुलिस विश्वविद्यालय,

राजस्थान जैसे राज्य–स्तरीय संगठनों/आयोगों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों; राजस्थान सरकार के लाईन विभागों जैसे कि पुलिस विभाग, बाल अधिकार विभाग के अधिकारियों; बिहार सरकार के उप प्रभागीय मजिस्ट्रेटों, खंड विकास अधिकारियों, श्रम प्रवर्तन अधिकारियों; पटना, नालंदा, नवादा, भोजपुर, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, पूर्णिया, मधुबनी, पूर्वी चंपारण जिलों के समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों; भोजपुर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण जिलों के शिक्षा विभाग के अधिकारियों; नालंदा जिले के हिल्सा विकास खंड, नवादा के अकबरपुर विकास खंड, पटना के बख्तियारपुर विकास खंड, भोजपुर जिले के जगदलपुर विकास खंड, मुजफ्फरपुर जिले के कुरहनी विकास खंड, सीतामढ़ी के रूनीसैदपुर विकास खंड के खंड विकास अधिकारियों, सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा दूरदर्शन, न्यूज 18 चैनल सहित प्रिंट और इलैक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थेः श्रमिक शोषण के लिए तस्करी कर लाए गए बच्चों की पहचान, बचाव, और छुटकारा से संबंधित चुनौतियों पर फोकस करना; बिहार और राजस्थान के बीच अंतर्राज्यीय समन्वय के संबंधित अवसरों पर चर्चा करना; तथा अभिसरित योजना विकसित करने और अंतर्राज्यीय समन्वय सुनिश्चित करने के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करना। इस सम्मेलन के उद्देश्यों में निम्न मुद्दों पर भी चर्चा करना थाः i) अत्याचार और हिंसा को रोकने के कानूनी उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन; ii) किशोर न्याय अधिनियम में कानूनी प्रावधानों के प्रभावी प्रवर्तन के द्वारा बाल श्रम, तस्करी व हिंसा का समाधान करना; बाल श्रम की रोकथाम के लिए बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम की भूमिका को एक साधन के तौर पर लेना तथा यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक बच्चा स्कूल जाता है और सीखता है; बाल अधिकारों को बढ़ावा देना, हिंसा से बच्चों का संरक्षण तथा बिहार (स्रोत) एवं राजस्थान (गंतव्य) राज्यों में बाल श्रम की रोकथाम पर फोकस करते हुए 'असुरक्षित प्रवास' के मुद्दे का समाधान करना।

jkstxkj lac/k vkSj fofu;eu dsUnz

रोजगार संबंध और इनके विनियमन का मुद्दा श्रम के क्षेत्र में हमेशा से एक प्रमुख वाद–विवाद करने योग्य एवं आकर्षक मुद्दा रहा है। रोजगार संबंधों में खासकर 1991 से तीव्र परिवर्तन हो रहे हैं। तदनुसार, संस्थान ने इस मुद्दे को यथोचित प्राथमिकता देते हुए इन परिवर्तनों और अन्य संबद्ध मामलों का अध्ययन करने हेतु काफी पहले, वर्ष 2001 में एक विशिष्ट केंद्र, नामतः रोजगार संबंध एवं विनियमन केंद्र स्थापित किया। इस केंद्र का उद्देश्य बदलते रोजगार संबंधों का अवबोधन विकसित करना है ताकि उचित कानूनी विनियमन ढांचे का नियमन करने तथा उपयुक्त सामाजिक संरक्षण उपाय विकसित करने में मदद मिल सके। केंद्र की अनुसंधान गतिविधियों में मुख्यतः निम्नलिखित पर ध्यान केंद्रित किया जाता है: ट्रेड यूनियनें तथा उभरते सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य में उनकी भूमिका; अनौपचारिक तथा असंगठित क्षेत्र में उभरते रोजगार संबंध; अनौपचारिक तथा असंगठित क्षेत्र में रोजगार संबंधों के विनियमन में मौजूदा कानूनी ढांचे की सीमा; न्यायिक प्रवृत्ति में परिवर्तन तथा न्यूनतम मजदूरी का विनियमन आदि। केंद्र के अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) में शिक्षाविद और ट्रेड यूनियनों के साथ–साथ नियोक्ता संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि होते हैं।

iwjh dh xbZ ifj;kstuk

1- fuf'pr&vof/k jkstxkj dk fofu;eu% ,d varjkZ"Vªh; ifjçs{;

mn~ns';

- निश्चत–अवधि संविदा प्रथा के प्रमुख विशेष गुणों एवं विशेषताओं की पहचान करना।
- चयनित देशों में निश्चित–अवधि संविदा रोजगार के विभिन्न पहलुओं के विनियमन, खास तौर से निश्चित–अवधि संविदा रोजगार संबंधी मौजूदा विनियमन से संबंधित मौजूदा नीतियों एवं प्रथाओं की पहचान करना।
- निश्चित–अवधि रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर विभिन्न सामाजिक भागीदारों के विचारों और धारणाओं को एकत्रित करना।
- भारत के लिए एक उपयुक्त नीतिगत ढांचा तैयार करने की दृष्टि से इन विनियामक नीतियों एवं प्रथाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करना।
- निश्चित–अवधि रोजगार से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए विनियामक ढांचे के सुझाव देना।

ifj.kke

यह अनुसंधान परियोजना पूरी कर ली गई है और इसे वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान अनुसंधान अध्ययन श्रृखला सं. 133/2019 के तौर पर प्रकाशित (जनवरी 2019 में प्रकाशित) किया जा चुका है। इस अध्ययन के निष्कर्षों एवं संस्तुतियों (जो विभिन्न देशों में निश्चित–अवधि रोजगार के विनियमन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित विनियामक उपायों के गहराई से एवं विस्तृत विश्लेषण और विभिन्न हितधारकों के विचारों एवं धारणाओं के विश्लेषण पर आधारित थे) से औद्योगिक रोजगार (स्थायी आदेश) अधिनियम, 1948 में निहित निश्चित–अवधि रोजगार से संबंधित हाल ही में अंतर्स्थापित विनियामक प्रावधानों के सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2017 में शुरु, एवं दिसम्बर 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% MkW- lat; mik/;k;] ofj"B Qsyks½

,dhd`r Je bfrgkl vuqla/kku dk;Øe ¼vkbZ,y,pvkjih½

,dhd`r Je bfrgkl vuqla/kku dk;Øe% ifjp;

- वीवीजीएनएलआई में आईएलएचआरपी की स्थापना 24 जुलाई 1998 को एसोसिएशन ऑफ इंडियन लेबर हिस्टोरियन्स (एआईएलएच) के सहयोग से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आधार पर की गयी। इस एमओयू का नवीकरण हर पाँच वर्ष में किया जाता है, पिछली बार यह नवीकरण 2015 में किया गया है।
- इस कार्यक्रम का समग्र लक्ष्य भारत में श्रम के संबंध में ऐतिहासिक अनुसंधान प्रारंभ करना तथा संगठित एवं असंगठित, दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों से संबंधित रिकॉर्ड का परिरक्षण करना है। इसका उद्देश्य ऐतिहासिक अनुसंधान का समसामयिक नीति–निर्माण के साथ एकीकरण करना भी है।

dk;Øe dh lajpuk



Hkkjrh; Jfedk dk fMftVy vfHkys[kkxkj dh fo'ks"krk,¡

- पूर्णतया डिजिटल संरचना
- एकीकृत मल्टीमीडिया भंडारण एवं पुनःप्राप्ति प्रणाली
- सवंर्धित उपयोगकर्ता पहुंच
- ऐतिहासिक एवं समसामयिक रिकॉर्ड का एकीकरण
- असंगठित सैक्टर के श्रमिकों के रिकॉर्ड पर फोकस

ijh dh xbl ifj;kstuk,a

1. भारतीय श्रम अभिलेखागार की उन्नत वेबसाइट का शुभारंभ

mnns';

भारतीय श्रम के डिजिटल अभिलेखागार को उन्नत बनाना तथा इसका परिचालन डी स्पेस प्लेटफॉर्म पर करना।

lkfj.kke

भारतीय श्रम के उन्नत डिजिटल अभिलेखागार का परिचालन डी स्पेस प्लेटफॉर्म पर शुरु कर दिया गया है। कुछ प्रमुख निम्नलिखित संग्रहों को अपलोड किया गया है और ये ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

1. विभिन्न श्रम आयोग (पेजों की संख्या – 17,453)
2. भारतीय मजदूर संघ (पेजों की संख्या – 12,304)
3. आईएलओ इंडिया मासिक रिपोर्टें (1929–1969) (पेजों की संख्या – 40,000)
4. आउटसोर्सिंग के प्रभाव पर विशेष जोर के साथ कोयला कामगारों के मौखिक इतिहास का संग्रह (पेजों की संख्या – 545)
5. बनारस के बुनकरों का संग्रह (पेजों की संख्या – 191)
6. भारतीय कपड़ा और परिधान उद्योग में श्रमिक (पेजों की संख्या – 504)
7. सेवा – अहमदाबाद शहर के बीड़ी कामगार (पेजों की संख्या – 202)
8. इंदौर नगर कपड़ा श्रमिकों का इतिहास (पेजों की संख्या – 147)
9. छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा पर संग्रह (पेजों की संख्या – 11,542)
10. अखिल भारतीय रेलकर्मी महासंघ (पेजों की संख्या – 7,450)
11. भारतीय खेत मजदूर यूनियन महासंघ – फेज 1 (पेजों की संख्या – 720)
12. भोजपुरी प्रवासी श्रमिकों की संस्कृति और भिखारी ठाकुर का साहित्य (पेजों की संख्या – 1,023)

डी स्पेस प्लेटफॉर्म में पहले के ग्रीनस्टोन प्लेटफॉर्म से कई अधिक फायदे हैं।

- मापनीयताः यह महत्वपूर्ण है क्योंकि अभिलेखागार में मीडिया के विभिन्न प्रकारों यथा ऑडियो, वीडियो एवं दस्तावेज का काफी डाटा है।
- भारत में उपयोगकर्ताओं की बड़ी संख्याः वर्तमान में डी स्पेस में प्रमुख सरकारी/सांस्थानिक कोष उपलब्ध हैं जिनमें प्रमुख है भारत का राष्ट्रीय अभिलेखागार का पोर्टल। इससे व्यापक पहुंच के साथ–साथ डेवलपर्स का समुदाय सुनिश्चित करता है।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को अगस्त 2018 में शुरु, एवं फरवरी 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;ktuk fun'kd % Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk½

2- etnjh uhfr% bfrgkl rFkk ledkyhu ?kVukØe

इस परियोजना को भारत में मजदूरी नीति तैयार करने से संबंधित इतिहास एवं कुछ समकालीन घटनाक्रमों की जांच करने के उद्देश्य से शुरु किया गया। ऐतिहासिक पेपर में बंबई/मुंबई शहर में श्रम संबंधों के दीर्घ इतिहास को देखा गया तथा समकालीन पेपर ने संगठित एवं असंगठित, दोनों सैक्टरों के कामगारों के लिए मजूदरी संरक्षण सुनिष्चित करने के लिए हाल ही में केरल सरकार द्वारा शुरु की गई मजूदरी संरक्षण प्रणाली की जाँच की।

ifj.kke

इस परियोजना के तहत दो अनुसंधान पेपर पूरे किए गए हैं।

¼i½ etnjh dk ç'u rFkk vkifuofs'kd Hkkjr e mUuhloh 'krkCnh d mÙkjk/k e vk|kfxd lc/kk e ifjoru

यह पेपर बंबई/मुबई शहर में श्रम संबंधों के दीर्घ इतिहास का पर्यवेक्षण करता है तथा यह उजागर करता है कि औपनिवेशिक भारत में उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में औद्योगिक संबंधों में परिवर्तन के लिए मजूदरी भुगतान प्रणाली में परिवर्तन कैसे मौलिक थे। यह पेपर दर्शाता है कि परिवर्तन की गतिशीलता को उस समय के व्यापक वैश्विक प्रक्रियाओं और सामाजिक आक्षेपों के द्वारा महत्वपूर्ण रूप से परिभाषित किया गया था। यह पेपर उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से नियमों एवं राज्य हस्तक्षेप के तरीकों में विभिन्न परिवर्तनों का पता लगा कर इस अध्ययन को ऐतिहासिक संदर्भ प्रदान करता है। मजदूरी का प्रश्न, जैसा उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से उभरा, मजदूरी के स्तरों के बारे में नहीं था, वह मुख्य मुद्दा जिस पर कामगार लामबंद हुए, मानक विनियमन प्रक्रिया की मांग थी। भुगतान के समय, मानक मानदंडों की मांग के लेकर टकराव उन कार्यों, जिन्होंने कामगारों पर नियोक्ताओं के नियंत्रण के प्रकारों को चुनौती दी, के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक बन गए।

यह अनुसंधान पेपर डॉ. आदित्य सरकार, प्रवक्ता, इतिहास विभाग वारविक विश्वविद्यालय, यूनाईटेड किंगडम द्वारा तैयार किया गया।

¼ii½ U;wure etnjh ç.kkfy;k dh çHkkodkfjrk dk c<kus dh fn'kk e% djy dh etnjh lj{k.k ç.kkyh

मजदूरी असमानता, लैंगिक आधार पर मजदूरी में अंतर तथा अनौपचारिकता जैसी प्रचलित एवं स्थायी प्रवृतियों का मुकाबला करने के लिए प्रभावी न्यूनतम मजदूरी प्रणालियों को निर्णायक माना जाता है।

यह भी व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि अच्छी तरह से काम करने वाली न्यूनतम मजदूरी प्रणाली अर्थव्यवस्था की क्रय शक्ति को बढ़ा सकती है और इस प्रकार विकास के घरेलू स्रोतों को प्रोत्साहित कर सकती है। तदनुसार, अनेक देशों में नई एवं नवाचारी नीतियां तैयार की जा रही हैं तथा न्यूनतम मजदूरी प्रणालियों की प्रभावकारिता को बढ़ाने के लिए मौजूदा नीतियों को पुनर्निमित किया जा रहा है। इस पेपर में भारत में केरल राज्य द्वारा हाल ही शुरु की गयी नीतिगत पहल, जिसका उद्देश्य अनौपचारिक सैक्टर के कार्यकलापों में लगे कामगारों सहित सभी कामगारों के मजदूरी संरक्षण सुनिश्चित करना है, पर फोकस किया गया है। केरल की मजूदरी संरक्षण प्रणाली मजूदरी नीतियों के विधानों में आवश्यक सांस्थानिक परिवर्तन लाने के अलावा मजदूरी लेनदेन तथा न्यूनतम मजदूरी कानून संबंधी निरीक्षण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग करती है।

यह अनुसंधान पेपर डॉ. एस. के. शशिकुमार, वरिष्ठ फेलो, वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा डॉ. विनोज अब्राहम, एसोसिएट प्रोफेसर, विकास अध्ययन केंद्र, केरल ने तैयार किया।

उपरोक्त दोनों पेपर लेबर एंड डेवलपमेंट के दिसम्बर 2018 के अंक में प्रकाशित किए जा चुके हैं।

Ikfj;ktuk dk 'k# ,o iijk djui dh frfFk

परियोजना को जून 2018 में शुरु, एवं नवम्बर 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;ktuk fun'kd½ Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk½

3- 1940 l vkt rd dh vof/k d vk|kfxd lc/kk dk bfrgkl

mnn';

मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थेः (i) समय के साथ सभी स्तरों, व्यक्तिगत स्थापना/उद्योग/क्षेत्र पर उपलब्ध सामूहिक समझौतों के संकलन एवं विष्लेषण पर फोकस करते हुए औद्योगिक संबंध प्रणाली की बदलती सांस्थानिक प्रथाओं का मानचित्रण करना; (ii) समय के साथ सभी स्तरों, श्रम न्यायालय/न्यायाधिकरण/उच्च न्यायालय के निर्णयों का संकलन एवं विश्लेषण करना; (iii) विभिन्न स्तरों पर औद्योगिक टकराव का मानचित्रण करना; (iv) प्रौद्योगिकी परिवर्तन के तरीके तथा सामूहिक समझौतों में उभरे मुद्दों तथा नियोक्ताओं एवं कामगारों की सौदेबाजी कार्यनीतियों का विश्लेषण करना।

ifj.kkEk

इस परियोजना के तहत आईएलएचआरपी ने निम्नलिखित का संकलन किया हैः

- 1980 एवं 1990 के दशकों की अवधि के दौरान ट्रेड यूनियन महांसघों एवं नियोक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख सामूहिक समझौते–कुल संख्या 40, इनका डिजिटलीकरण चल रहा है।

- हमने अपने मौजूदा संकलनों के साथ इस सामग्री को क्यूरेट किया है (ट्रेड यूनियनें, डब्ल्युईटी/सांस्थानिक अभिलेख)

मुख्यतः अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कॉन्ग्रेस के अभिलेखों तथा तीन अन्य संकलनों के आधार पर दिल्ली क्षेत्र पर फोकस करता हुआ एक विशेष संकलन पूरा कर लिया गया है।

Ikfj;kstuk dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

परियोजना को मई 2018 में शुरु, एवं अक्टूबर 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk leUo;d% Mk- ,l- d- 'kf'kdqekj] ofj"B Qsyks½

4- çkS|ksfxdh ,oa Jfed% ,d ,sfrgkfld ifjçs{;

mn~ns';

वीवीजीएनएलआई में मार्च 2018 में 'विगत के आईने में कार्य का भविष्य' विषय पर आयोजित 'श्रमिक इतिहास पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन' की अनुवर्ती कार्रवाई में आईएलएचआरपी ने निम्नलिखित उद्देश्यो के साथ एक अनुसंधान एवं संग्रहण परियोजना, प्रौद्योगिकी एवं श्रमिक, शुरु की: (i) विगत में प्रौद्योगिक परिवर्तनों एवं हितधारकों की अनुक्रिया से संबंधित अभिलेखों का संग्रहण करना। इसमें विगत में स्वचालन के मुद्दे पर प्रकाशित अभिलेखों और आईएलओ जैसे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अभिलेखागारों पर फोकस किया गया; (ii) अंतर्राष्ट्रीय विचार–विमर्शों के आधार पर प्रौद्योगिकी तथा कार्य का भविष्य के विषय पर साहित्य की समीक्षा करना; (iii) 'प्रौद्योगिकी तथा कार्य का भविष्य' के मुद्दे पर एक संदर्भ ग्रंथ सूची और विचार–विमर्श पेपर तैयार करना।

ifj.kke

कार्य की दुनिया को बदलने में प्रौद्योगिकी के महत्व को पूरे विश्व के विद्वानों एवं नीति निर्माताओं ने स्वीकार किया है। हालांकि अधिकांश विचार–विमर्शों में विकसित देशों में कार्य एवं रोजगार पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर फोकस किया गया, इसका विकासशील देशों के लिए विशेष महत्व है। इन विचार–विमर्शों के तत्काल संदर्भ 'चौथी औद्योगिक क्रांति' के प्रभावों तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के रोजगारों का तेजी से स्वचालन पर हैं।

एक ओर औपनिवेशिक शासन में प्रौद्योगिकी से प्रेरित 'गैर–औद्योगिकीकरण' तथा जिस तरीके से यह नौकरयों की गुणवत्ता और मात्रा को प्रभावित करता है, भारत के विकास प्रक्षेप पथ पर इसके संभावित विघटनकारी प्रभाव को देखते हुए भारत के लिए प्रौद्योगिकी एवं कार्य की दुनिया पर इसके प्रभाव का प्रश्न खास तौर पर महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा विश्व आर्थिक मंच ने इन प्रश्नों पर दुनिया को प्रमुख तरीके से सचेत किया है; अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने कार्य के भविष्य के प्रश्न पर शताब्दी समीक्षा की तथा विश्व आर्थिक मंच ने चौथी औद्योगिक क्रांति शब्द को गढ़ा।

इस परियोजना के तहत प्रमुख संग्रहणों में ये शामिल हैं:

1. आईएलओ इंडिया ऑफिस की मासिक रिपार्टों, आईएलओ अभिलेखागार जेनेवा तथा अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कॉन्ग्रेस जैसे भारतीय श्रम अभिलेखागारों के प्रमुख संग्रहणों के अभिलेख।
2. क्यूरेट किए गए विशेष संग्रह जिन्हें भारतीय श्रम अभिलेखागार की वेबसाइट में प्रकाशन के लिए डिजिटल संग्रह में परिवर्तित किया जा रहा है।
3. 'प्रौद्योगिकी तथा कार्य का भविष्य' पर संदर्भ ग्रंथ सूची और विचार–विमर्श पेपर।

यह कार्य डॉ. प्रभु महापात्र, एसोसिएशन ऑफ इंडियन लेबर हिस्टोरिअंस द्वारा किया गया।

Ikfj;ktuk dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

परियोजना अध्ययन को मई 2018 में शुरु, एवं अक्टूबर 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;ktuk leUo;d% Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk½

5- Hkkjrh; Jfed çoklu% ,d ,frgkfld ifjç{;

यह अनुसंधान एवं संग्रहण परियोजना प्रवासन अनुसंधान में वीवीजीएनएलआई और एआईएलएच की शक्ति को बढ़ाता है। भारतीय श्रमिक प्रवासन लंबे समय से है तथा राज्य हस्तक्षेप का इतिहास 1834 से है जब औपनिवेशिक सरकार ने सुगर कॉलोनियों में गिरमिटिया श्रमिकों के प्रवासन को विनियमित करना शुरु किया। वर्ष 1840 और 1940 की अवधि के दौरान कम से कम 30 मिलियन प्रवासी काम करने हेतु विभिन्न औपनिवेशिक देशों में गए और इतनी बड़ी संख्या के साथ भारत अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों का सबसे बड़ा स्रोत देश बन गया। स्वतंत्रता के बाद और विशेष तौर पर 1973 की तेल मूल्य क्रांति के बाद खाडी के देशों के आसपास केंद्रित प्रवासन में नया उछाल देखा गया। आज इन देशों में भारतीय प्रवासी सबसे ज्यादा संख्या में हैं। इसे अलावा, उच्च कौशलयुक्त प्रवासियों ने 1970 से अमेरिका और यूरोप में जाना शुरु किया और इसका भी भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, 'एनआरआई' की एक नई श्रेणी का उद्‌भव हुआ। महत्वपूर्णतः, आज पूरी दुनिया में भारतीय कामगारों द्वारा धन–प्रेषण सबसे अधिक (लगभग 70 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष) है।

इस अनुसंधान एवं संग्रहण परियोजना में महत्वपूर्ण नीतिगत निरंतरताओं तथा औपनिवेशिक एवं समकालीन अवधियों में हुए परिवर्तनों पर फोकस किया गया। इस परियोजना का उद्‌देश्य प्रमुख सरकारी अभिलेखों और समुद्रपार श्रकि प्रवास पर केंद्रित जांच आयोगों का संग्रहण करना भी था।

ifj.kkE

भारतीय श्रमिक प्रवासन से संबंधित निम्नलिखित प्रमुख आयोगों एवं समितियों के दस्तवेजों का संग्रहण एवं डिजिटलीकरण किया गया है।

- भारतीय प्रवासन पर पिच्चर एवं ग्रियर्सन की प्रमुख रिपोर्टें (1883)

- सैंडर्सन समिति रिपोर्ट 1912
- मैकनील एवं चिमन लाल रिपोर्ट 1916
- फिजी पी सी. एफ. एंड्यूज रिपोर्ट 1916
- भारतीय प्रवासियों पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट
- उत्प्रवास अधिनियम, 1983 के संचालन एवं दीर्घवधि प्रासंगिकता तथा आप्रवासियों के प्रोटेक्टर जनरल के कार्यालय के कार्यचालन के अध्ययन के लिए गठित समिति की रिपोर्ट

ifj;ktuk dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

परियोजना को अगस्त 2018 में शुरु, एवं फरवरी 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;ktuk leUo;d% Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk½

6- dkexkjk dh ftnxh dk ekufp=.k ¼ekf[kd bfrgkl½

इस अनुसंधान एवं संग्रहण परियोजना का उद्देश्य मुख्यतः अनौपचारिक सैक्टर पर फोकस करते हुए एआईएलएच अनुसंधानकर्ताओं द्वारा की गई कामगारों के जीवन अनुभवों के मौखिक कथनों की अनुसंधान एवं संग्रहण परियोजना का उसका विस्तार करना था। वैश्विक श्रम इतिहास नेटवर्क के अन्य साझेदारों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान पहल के एक भाग के रूप में इस परियोजना के तहत कामगरों के कथनों का व्यापक संग्रह सीधे भारतीय श्रम अभिलेखागार को फीड करेगा।

ifj.kke

इस परियोजना के तहत वर्ष 2018–19 के दौरान दो कार्यकलाप किए गए।

1. दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न कार्यस्थलों में लगभग 30 कामगारों का जीवन इतिहास साक्षात्कार लिए गए। लगभग 60 घंटे के साक्षात्कार समय वाले ये साक्षात्कार डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में हैं।
2. कामगारों एवं ट्रेड यूनियन कार्यकर्ताओं के साक्षात्कारों के 400 घंटों का डिजिटलीकरणः पूर्व में लिए गए ये साक्षात्कार एनालोग प्रारूप के वीडियो टेप में थे तथा इनके शोधन के लिए हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के विशेष उपयोग और तकनीकी कौशल की आवश्यकता पड़ी। इनके अलावा, इन साक्षत्कारों के टेप, जैव–रेखाचित्र और सारांश पिछले वर्ष किए गए। इनका का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है तथा वेबसाइट के चालू होने पर अपलोड किए जाने हेतु व्यापक मेटाडाटा लिखा जा रहा है।

ifj;ktuk dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

परियोजना को सितम्बर 2018 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;ktuk leUo;d% Mk- ,l- d- 'kf'kdekj] ofj"B Qyk½

लिंग एवं श्रम अध्ययन केंद्र

लिंग और श्रम अध्ययन केंद्र की स्थापना का उद्देश्य कार्य की दुनिया में लैंगिक मुद्दों की समझ को सुदृढ़ बनाना और उसके समाधान के उपाय खोजना है। पूरे विश्व में अनेक देशों की विकासात्मक नीतियों के केंद्र में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण रहे हैं। भुखमरी एवं गरीबी के उन्मूलन में तथा वास्तव में सतत विकास को पाने में वर्ष 2015 के सतत विकास के लक्ष्यों में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता की केंद्रीयता को स्वीकार किया गया है। वैश्विक श्रम बाजारों में श्रम बल सहभागिता दरों एवं बेरोजगारी दरों में लैंगिक आधार पर अंतर लगातार बने हुए हैं। श्रम बाजार में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के लिए इन मुद्दों का समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए शैक्षिक एवं नीतिगत, दोनों स्तरों पर ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

श्रम बाजार लैंगिक अंतर विकासशील देशों में अधिक हैं, तथा व्यावसायिक पृथक्करण में लैंगिक पैटर्नों के द्वारा अक्सर ये और बढ़ जाते हैं क्योंकि महिलाओं के अधिकतर काम सैक्टरों के सीमित दायरे में केंद्रित होते हैं तथा ये कमजोर एवं असुरक्षित होते हैं। ये कामगार अधिकांशतः अनौपचारिक रोजगार यथा घरेलू कामगार, स्व–नियोजित, अनियत कामगार, उजरती दर कामगार, गृह–आधारित कामगार, तथा कम कौशल, कम आय एवं कम उत्पादकता वाले प्रवासी कामगार होते हैं। इसके अलावा, लैंगिक आधार पर वेतन एवं मजदूरी में अंतर एक गंभीर मुद्दा है जिसका समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं के योगदान को अभी भी पुरुषों के योगदान के मुकाबले कम करके आंका जाता है तथा तोड़–मरोड़ पेश किया जाता है। उपलब्ध आंकड़े पक्षपातपूर्ण हैं तथा ये देश की अर्थव्यवस्था एवं इसके मानव संसाधनों की प्रकृति की विकृत धारणा को बनाए रखने में योगदान करते हैं, तथा अनुचित विचारों, नीतियों एवं कार्यक्रमों की वजह से पुरुषों एवं महिलाओं के बीच असमानता के दुश्चक्र को स्थिरता प्रदान करते हैं। श्रम बाजार में महिलाओं द्वारा सामना की जा रही बाधाओं को देखते हुए सतत विकास के वैश्विक लक्ष्यों को चिह्नित करने के लिए पूर्ण उत्पादक रोजगार और सामाजिक समावेश के नये लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं महिलाओं को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है।

समावेशी विकास एवं पर्याप्त समानता, नीतियों के बारे में जागरूकता प्राप्त करने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण, सामाजिक संवाद तथा प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के माध्यम से सशक्तिकरण लिंग एवं श्रम अध्ययन केंद्र के कुछ मुख्य कार्यकलाप होंगे। इस रूपरेखा के तहत केंद्र की गतिविधियों में संस्थान की स्थिति को कार्य की दुनिया में लिंग के विभिन्न आयामों पर अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पक्षसमर्थन के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान बनाने की संकल्पना की गयी है।

ijh dh xbl ifj;kstuk,¡

1- df"k {k= e ;ok jktxkj dh lHkkouk,% ennn vkj pukfr;k

mnns';

- भारत में विभिन्न आयु–वर्गों में कृषि में भागीदारी की सीमा और प्रकृति को समझना।
- कृषि के साथ उनके जुड़ाव के संबंध में उनकी शिक्षा और कौशल–स्तर, उनके परिसंपत्ति अधिकार और सामाजिक समूह वर्गीकरण का आकलन करना।
- युवाओं के कृषि से दूर होने के कारणों की पहचान करना।
- भूमि और अन्य उत्पादक संपत्तियों तक पहुंच के संबंध में कृषि में युवा महिलाओं की स्थिति का आकलन करना।
- समग्र रोजगार क्षमता और विभिन्न कृषि विस्तार सेवाओं के बारे में प्रौद्योगिकी के उपयोग के प्रभाव का आकलन करना।
- कृषि को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न संस्थागत व्यवस्थाओं की जांच करना और ग्रामीण युवाओं के बीच कृषि रोजगार को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत परिप्रेक्ष्य से उनका विश्लेषण करना।

ifj.kkEk

इस अध्ययन ने युवाओं की शिक्षा, कौशल स्तर, प्रौद्योगिकी तक पहुंच आदि के संदर्भ में उनकी कृषि में स्थिति को उजागर करने में योगदान दिया है। इस अध्ययन ने अनेक ऐसी चिंताओं, जैसे कि पूरे वर्ष के दौरान कृषि क्षेत्र में नियमित रोजगारपरकता; अनुकूल उत्पादन; कारगर व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र तथा कृषि के विकास के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच; कृषि एवं गैर–कृषि, दोनों कार्यकलापों में महिलाओं की भागीदारी की पहचान और सुदृढ़ीकरण; कृषि क्षेत्र में बने रहने के लिए युवाओं का प्रोत्साहित करने के लिए बाद में नीतिगत विमर्श की आवश्यकता, की पहचान की है जो कृषि की प्रगति में योगदान करने में युवाओं को प्रभावित करती हैं। इस अध्ययन ने युवाओं के लिए उत्कृष्ट रोजगार सृजन के अधिक नवाचारी उपायों का पता लगान में सरकार के वर्तमान प्रयासों के लिए नीतिगत इनपुट के संदर्भ, विशेषकर कृषि क्षेत्र में युवाओं की अधिक सक्रिय भागीदारी के लिए लक्षित हस्तक्षेपों के डिजाइन सूचित करना, में योगदान देने का प्रयास किया है।

v/;;u dk 'kq# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को फरवरी 2018 में शुरु, एवं जुलाई 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- ,yhuk lkerjk;] Qyks½

2- ?kjy dkexkj% jkstxkj lc/k rFkk U;ure oru fu/kkj.k dh tfVyrk

mn~n';%

- अंशकालिक एवं पूर्णकालिक रोजगार में लगे घरेलू कामगारों की रोजगार की शर्तें एवं काम की दशाएं (घरेलू रोतगार में व्यापक अर्थ रोजगार संबंध)
- ऐसे कामगारों की लामबंदी और भेद्यता की सीमा (ऐसे कामगारों की पहचान भी)
- घरेलू कामगारों के लैंगिक आयाम
- मुआवजे के तरीके (न्यूनतम मजदूरी निर्धारण में समस्याएं)
- न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण तथा फलस्वरूप घर को कार्यस्थल एवं घर के मालिक को नियोक्ता मानने की समस्या
- घरेलू कामगारों के कल्याण बोर्ड की व्यवहार्यता

ifj.kke

- दो शहरों में घरेलू कामगारों की कार्य एवं जीवन दशाओं की जांच करना।
- समानताओं एवं विविधताओं की व्याख्या करना।
- ऐसे आधार का निर्माण करना जिससे न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की जा सके।

v/;;u dk 'k# ,o iwjk dju dh frfFk

अध्ययन को जनवरी 2017 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- fdx'kqd lj dkj] Qsyk½

3- de etnjh vkj yfxd Hkn Hkko% vle vkj if'pe caxky e ckxku dkexkjk dk ekeyk

mn~n';%

इस अध्ययन में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार किया गया:

- वे श्रम बाजार संस्थान कौन–से हैं जो पूर्वोत्तर भारत में बागान कामगारों के लिए इस तरह की कम मजदूरी और खासकर महिला कामगारों के लिए मुआवजे में भेदभाव के लिए जिम्मेदार हैं।
- इन संस्थानों (संगठनों और गतिविधियों) के कार्य क्या हैं जो वर्षों से कम मजदूरी और लैंगिक भेदभाव की निरंतरता को बनाए हुए हैं।

- मजदूरी, कार्यदशाओं और चाय उद्योग में उत्पादन के संबंधों के मामले में ऐसे खंडित श्रम बाजारों के नतीजे क्या हैं?

ifj.kke

- पश्चिम बंगाल में बागान कामगारो की दैनिक मजदूरी की दरें दक्षिण भारत के चाय बागानों के कामगारों की दैनिक मजदूरी दरों के साथ–साथ कृषि क्षेत्र की न्यूनतम मजूदरी की तुलना में काफी कम हैं।
- पश्चिम बंगाल में मौजूद कतिपय श्रम बाजार संस्थान ऐसे निराशाजनक और गैर समावेशी श्रम बाजार परिणामों के लिए जिम्मेदार हैं।
- प्राथमिक स्तर से परे शिक्षा का अभाव, क्षेत्रों का सापेक्ष पिछड़ापन, शहरी अनौपचारिक क्षेत्र की लगभग नगण्य उपस्थिति, औद्योगिक वस्तुओं के लिए बागान कामगारों की मांग में कमी कुछ ऐसे औद्योगिक कारक हैं जो पश्चिम बंगाल में बागान क्षेत्रों के समावेशी विकास में कुल कमी के लिए जिम्मेदार हैं।
- पश्चिम बंगाल में मौजूद कतिपय श्रम बाजार संस्थान ऐसे निराशाजनक और गैर समावेशी श्रम बाजार परिणामों के लिए जिम्मेदार हैं। पुरुष कामगारों के लिए काम न करने वाली पत्नी और माता–पिता आश्रित हैं। महिला कामगारों के लिए काम न करने वाले पति और उनमे माता–पिता को आश्रित नहीं माना जाता है। चूंकि कुल मुआवजा नकद एवं गैर–नकद घटकों का योग होता है, महिला कामगारों के लिए कम गैर–नकद घटक का तात्पर्य है कि अन्य चीजें स्थिर रहती हैं, महिला कामगारों के लिए मुआवजा पुरुष कामगारों की तुलना में कम है। यह समान कार्य के लिए समान मजूदरी के सिद्धांत और समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 की भावना का उल्लंघन करता है।
- इस अध्ययन से उभरने वाली दो सबसे महत्वपूर्ण नीतिगत अनिवार्यताएं हैंः कुल न्यूनतम मजूदरी अधिसूचना प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर बागान मजूदरी का पुनः प्रवर्तन करना एवं लैंगिक भेदभाव पहलू का हटाना तथा राज्य को इस क्षेत्र के साथ–साथ उद्योग का समग्र विकास सुनिश्चित करने में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है, इससे अधिक जुड़ाव प्रभाव पड़ेगा।

v/;;u dk 'k# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को जुलाई 2017 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- fdax'kqd ljdkj] Qsyks½

4- leku ikfjJfed vf/kfu;e] 1976% vf/kfu;e ds dk;kZUo;u esa lkdjkRed igy ,oa pqukSfr;ksa dh igpku djuk ¼Qst&I½

समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 पर अध्ययन करने हेतु श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने वीवीजीएनएलआई से अनुरोध किया। इस संबंध में एक प्रस्ताव लिंग एवं श्रम अध्ययन केंद्र के अनुसंधान सलाहकार

समूह समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह सुझाव दिया गया कि दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विस्तृत सर्वेक्षण करने हेतु सैक्टरों यथा कृषि, निर्माण, इलैक्ट्रॉनिक, विनिर्माण, सौंदर्य उद्योग (स्वास्थ्य एवं कल्याण), होटल उद्योग, शिक्षा, प्राईवेट परिवहन तथा मीडिया की पहचान की जाए।

mnn';

- अधिनियम के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं बाधाओं जैसे कि अधिनियम के बारे में जागरूकता का अभाव, खराब प्रवर्तन के कारणा आदि की पहचान करना।
- प्रस्तावित मजदूरी संहिता विधेयक, 2017 में मौजूदा समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुच्छेद 5 को शामिल न किए जाने के प्रभाव, क्या यह सी–111 {भेदभाव (रोजगार एवं व्यवसाय), अभिसमय, 1958} के अनुच्छेद 2 और समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 के मौजूदा प्रावधानों का उल्लंघन करता है।
- ऐसे कमजोर क्षेत्रों की पहचान करना जहां अध्ययन करने तथा कार्यपालिका एवं विधायिका को ध्यान देने की आवश्यकता है।
- प्रस्तावति संहिता, जिसमें मौजूदा समान पारिश्रमिक अधिनियम भी शामिल है, के संपूर्ण कार्यान्वयन के लिए प्रधान नियोक्ता को जिम्मेदार बनाना।

ifj.kke

- सभी हितधारकों के संवेदीकरण के लिए नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।
- उपरोक्त क्षेत्र में 'प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए' संस्थान को एक पद्धति विकसति करनी चाहिए। आगे चलकर ये प्रशिक्षित प्रशिक्षक संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में नियोक्ताओं, कामगारों एवं ट्रेड यूनियनों को कानूनी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।
- उन विश्वविद्यालयों, जहां पर जेंडर विभाग है, से भी ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित करने का अनुरोध किया जाना चाहिए।

v/;;u dk 'kq# ,oa iwjk djus dh frfFk

अध्ययन को जनवरी 2019 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- 'kf'k cky] Qsyk½

5- vkbZVh@vkbZVhbZ,l m|ksx esa çlwfr çlqfo/kk ¼la'kks/ku½ vf/kfu;e] 2017 dk çHkko

mnn';%

प्रसूति प्रसुविधा (संशोधन) अधिनियम, 2017 के प्रभावों का विश्लेषण करना तथा कानूनी अनुपालन के मामले के रूप में मातृत्व संरक्षण का समाधान करना।

ifj.kke

- मॉड्यूलों का विकास तथा नियोक्ताओं, मानव संसाधन कार्मिकों, श्रम तंत्र के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं और एनजीओ/ट्रेड यूनियनों/अधिवक्ताओं जैसे दबाव समूहों के लिए प्रशिक्षण।
- मातृत्व से संबंधित संशोधित कानून की प्रमुख विशेषताओं के बारे में रेडियो विज्ञापन एवं टीवी विज्ञापन विकसित करने की आवश्यकता।
- उन नियोक्ताओं, जो मातृत्व अवकाश के बाद माताओं को नियोजित करते हैं, तथा उन नियोक्ताओं, जो 35 प्रतिशत महिला कर्मचरी नियोजित करते हैं व कानून का अनुपालन करते हैं, के लिए रियायत या प्रोत्साहन राशि का प्रावधान करने के संबंध में संबंधित मंत्रालयों से विचार–विमर्श करना।
- अधिसूचना और मातृत्व अवकाश वाली महिलाओं को 14 सप्ताह के वेतन के 50 प्रतिशत के भुगतान के सरकार के निर्णय को तेजी से लागू करना।
- शिशु–गृह (क्रेच) की समीपता, सुविधाओं एवं समय के लिए नियमों और अधिसूचनाओं की तत्काल आवश्यकता।
- मंत्रालय द्वारा नीतिगत स्तर पर कम से कम 04 सप्ताह के पितृत्व अवकाश के प्रावधान पर विचार किया जाना चाहिए।
- वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने तथा कर्मचारियों को प्रदान किए गए मातृत्व हितलाभों से संबंधित विवरण अपनी वेबसाइट एवं कंपनी की रिपोर्टों में डालने हेतु नियोक्तओं के लिए अधिसूचना।
- श्रम अधिकारियों की उन शक्तियों, जिनका उपयोग प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने और उनके कार्यक्षेत्र में आने वाले संगठनों के निरीक्षणों एवं दौरों की संख्या निर्धारित करने के लिए किया जा सकता है, का कानूनी अध्ययन।
- प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम के कार्यान्यवन पर महिला कर्मचारियों की शिकायतों से निपटने के लिए मंत्रालय को एक ऑनलाइन पोर्टल पर विचार करना चाहिए।
- प्रयासों को हितधारकों तक पहुंचाने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ अभिसरित प्रयास।
- संशोधित कानून और इसके कार्यान्वयन पर एक विस्तृत सैक्टर–वार अनुसंधान अध्ययन।
- स्थापना के प्रकार तथा रोजगार की प्रकृति के निरपेक्ष महिला कर्मचारियों के सर्वव्यापी प्रयोग के लिए कानून में संशोधन।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को जून 2018 में शुरु, एवं मार्च 2019 में पूरा किया गया।

¼ifj;ktuk fun'kd% Mk- 'kf'k ckyk] Qyk½

Tkkjh vul/kku ifj;ktuk

1- leku ikfjJfed vf/kfu;e] 1976 d dk;kUo;u ij vul/kku v/;;u

mnn';

- समान वेतन को बढ़ावा देने में अंतर्राष्ट्रीय पहलों की समीक्षा करना।
- विभिन्न सैक्टरों में समान पारिश्रमिक अधिनियम के कार्यान्वयन को मापना।
- सांस्कृतिक मानदंडों, सामान्य, तकनीकी शिक्षा के संबंध में कर्मचारियों/कामगारों की पदोन्नति/करियर प्रगति अवसरों को सहसंबद्ध करना।
- व्यक्तिगत एवं सामूहिक सौदेबाजी तथा मजूदरी अंतर के बीच संबंधों का पता लगाना।
- सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 के अनुसार लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए समान पारिश्रमिक अधिनियम अभिसमय 100 के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों की पहचान करना।

v/;;u dk 'k# ,o ijk dju dh frfFk

अध्ययन को जनवरी 2019 में शुरु किया गया, तथा इसे अगस्त 2019 तक पूरा किया जाना है।

¼ifj;ktuk fun'kd% Mk- 'kf'k ckyk] Qyk½

çe[k dk;'kkyk,@lfeukj

- vrjk"Vh; efgyk fnol d volj ij ij dk;'kkyk & fyx] vçnÙk dk; vkj n[kHkky% lrr fodkl y{;k ¼,lMht½ dk çkIr dju dh fn'kk e

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान (वीवीजीएनएलआई) ने इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वीमेन (आईसीआरडब्ल्यु) के सहयोग से 07–08 मार्च 2019 के दौरान वीवीजीएनएलआई परिसर में *लिंग, अप्रदत्त कार्य और देखभाल: सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में* एक दो–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के व्यापक उद्देश्य इस प्रकार थे: (i) भारत में लिंग, अप्रदत्त कार्य और देखभाल से संबंधित प्रमुख सरोकारों को समझना;

(ii) महिलाओं के अप्रदत्त कार्य और देखभाल का समाधान करने वाले वैश्विक, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय अनुभवों में से अच्छी प्रथाओं को साझा करने हेतु मंच उपलब्ध करना; (iii) श्रम, स्वास्थ्य, ऊर्जा, जल आदि सैक्टरों में महिलाओं के उप्रदत्त कार्य एवं देखभाल का समाधान करने पर अनुसंधान एवं नीतिगत एजेंडा के लिए एक ढांचा विकसित करना। डॉ.एच.श्रीनिवास,महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई ने कार्यशाला के प्रतिभागियों एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एक विशेष व्याख्यान दिया। सुश्री शुभलक्ष्मी नंदी, उप क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वीमेन (आईसीआरडब्ल्यु)–एशिया, ने कार्यशाला के लिए संदर्भ निर्धारित किया। मुख्य संबोधन डॉ. रत्ना सुदर्शन, ट्रस्टी एवं भूतपूर्व निदेशक, भारतीय सामाजिक अध्ययन संस्थान ट्रस्ट (आईएसएसटी) द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में एक विशेष व्याख्यान श्री रोहित कुमार, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने दिया। समापन भाषण सुश्री कल्पना राजसिंहोत, संयुक्त सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने दिया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. एलीना सामतंराय, फेलो, वीवीजीएनएलआई, जिन्होंने कार्यशाला का समन्वय भी किया, ने दिया। इस कार्यशाला में शिक्षाविदों, व्यावसायिकों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों, सिवलि सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों तथा वीवीजीएनएलआई के संकाय सदस्यों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में: सुश्री शुभलक्ष्मी नंदी, उप क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन वीमेन (आईसीआरडब्ल्यु)–एशिया; डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई; डॉ. रत्ना सुदर्शन, ट्रस्टी और डॉ. एलीना सामतंराय, फेलो, वीवीजीएनएलआई

- leku ikfjJfed vf/kfu;e] 1976% vf/kfu;e d s dk;kZUo;u e s ldkjkRed igy ,o pqukSfr;k s dh igpku djuk ij dk;Z'kkyk

वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नौएडा ने 27 मार्च 2019 को समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976: अधिनियम के कार्यान्वयन में सकारात्मक पहल एवं चुनौतियों की पहचान करना पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य अधिनियम के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं बाधाओं की पहचान करना था। कार्यशाला के गणमान्य सदस्यों ने ऐसे कमजोर क्षेत्रों, जहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, तथा ऐसे तरीकों, जिनसे समान पारिश्रमिक अधिनियम के उद्देश्यों को हासिल किया जा सकता है, की भी पहचान की। इस कार्यशाला में विभिन्न

हितधारकों (शिक्षाविदों, श्रम प्रशासकों, ट्रेड यूनियनों) से 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में निर्दिष्ट विचार–विमर्षों के आधार पर निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों को विस्तृत विचार–विमर्शों के लिए लिया गया।

क) अधिनियम के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं बाधाओं जैसे कि अधिनियम के बारे मे जागरूकता का अभाव, खराब प्रवर्तन के कारणा आदि की पहचान करना।

ख) प्रस्तावित मजदूरी संहिता विधेयक, 2017 में मौजूदा समान पारिश्रमिक अधिनियम के अनुच्छेद 5 को शामिल न किए जाने के प्रभाव, क्या यह सी–111 {भेदभाव (रोजगार एवं व्यवसाय), अभिसमय, 1958} के अनुच्छेद 2 और समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976 के मौजूदा प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

ग) ऐसे कमजोर क्षेत्रों की पहचान करना जहां अध्ययन करने तथा कार्यपालिका एवं विधायिका को ध्यान देने की आवश्यकता है।

घ) प्रस्तावित संहिता, जिसमें मौजूदा समान पारिश्रमिक अधिनियम भी शामिल है, के संपूर्ण कार्यान्वयन के लिए प्रधान नियोक्ता को जिम्मेदार बनाना।

dk;'kkyk d iufyLVk ,o çfrHkkfx;k }kjk dh xbZ lLrqfr;k

*सभी हितधारकों (सरकारी अधिकारियों, नियोक्ताओं, कर्मचारियों, ट्रेड यूनियनों, एनजीओ आदि) के मध्य उभरते मुद्दों पर जागरूकता के सृजन के लिए निम्नलिखित संस्तुतियां की गईं:

1) सभी हितधारकों के संवेदीकरण के लिए नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

2) उपरोक्त क्षेत्र में 'प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए' संस्थान को एक पद्धति विकसित करनी चाहिए। आगे चलकर ये प्रशिक्षित प्रशिक्षक संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में नियोक्ताओं, कामगारों एवं ट्रेड यूनियनों को कानूनी प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

3) उन विश्वविद्यालयों, जहां पर जेंडर विभाग है, से भी ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित करने का अनुरोध किया जाना चाहिए।

*दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अनुसंधान अध्ययन करने के लिए प्रयोगात्मक रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों की पहचान की गई है:

क) कृषि
ख) निर्माण

ग) इलैक्ट्रॉनिक, विनिर्माण
घ) सौंदर्य उद्योग (स्वास्थ्य एवं कल्याण)
ङ) होटल उद्योग
च) शिक्षा
छ) प्राईवेट परिवहन
ज) मीडिया उद्योग

डॉ. एच. श्रीनिवास, महानिदेशक, वीवीजीएनएलआई; डॉ. शशि बाला, फेलो एवं कार्यशाला समन्वयक तथा कार्यशाला के प्रतिभागीगण

iokŸkj dn

उत्तर–पूर्व क्षेत्र (एनईआर) का क्षेत्रफल देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 7.9 प्रतिशत है और यहां की आबादी देश की कुल आबादी का 3.8 प्रतिशत है (जनगणना, 2011)। यह क्षेत्र पूर्वी भाग में हिमालय की तलहटी में फैला हुआ है और बांग्लादेश, भूटान, चीन, नेपाल एवं म्यांमार से घिरा हुआ है। इस क्षेत्र में 08 राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम एवं त्रिपुरा हैं। ऐतिहासिक और भौगोलिक–राजनैतिक कारणों की वजह से एनईआर देश के सबसे अविकसित क्षेत्रों में से एक है। कम उत्पादकता एवं बाजार तक कम पहुंच के साथ यहां पर अवसंरचना एवं शासन भी ठीक नहीं हैं।

एनईआर में कार्यबल भारत के कुल कार्यबल का 3.6 प्रतिशत है (2011–12)। एनईआर में श्रम परिदृश्य कई कारणों (भौगोलिक, सामाजिक–आर्थिक एवं राजनैतिक) की वजह से देश के अन्य भागों की तुलना में अलग है। इस क्षेत्र में औद्योगिकीकरण की दर कम है एवं आधुनिक सेवा क्षेत्र का यहां सीमित विस्तार हुआ है। यहां पर कृषि कार्य (झूमिंग जैसी विचित्र प्रणालियों की उपस्थिति के कारण) भी भिन्न हैं। श्रम बाजार प्रतिभागिता में सांस्कृतिक लोकाचार भी अलग है, जो अन्य बातों के साथ लिंग एवं सामाजिक श्रेणियों में श्रम बल की विशिष्ट बनावट को दर्शाते हैं। फिर भी प्रवास एक और महत्वपूर्ण पहलू है, जो आबादी के आंतरिक प्रवास (क्षेत्र के अंदर एवं बाहर) के मामले के साथ–साथ श्रमिकों का राष्ट्र के अन्य भागों से अंतः प्रवेश के मामले में, विभिन्न सामाजिक–राजनैतिक विचारों के कारण और पेचीदा हो गया है।

इसी संदर्भ में संस्थान ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में नीति–उन्मुखी अनुसंधान करने, कार्यशालाएं/सेमिनार आयोजित करने तथा श्रम, रोजगार एवं सामाजिक संरक्षण के मुद्दों पर प्रशिक्षण देने के लिए 2009 में एक नये केंद्र, पूर्वोत्तर केंद्र (सीएनई) की स्थापना की।

dn d ie[k vul/kku fo"k;%

- रोजगार एवं बेरोजगारी प्रवृत्तियां एवं चुनौतियां
- लिंग एवं रोजगार
- प्रवास एवं विकास
- सामाजिक सुरक्षा
- स्वास्थ्य एवं श्रम
- आजीविका नीतियां
- क्षेत्रक विश्लेषण
- कौशल–अंतर अध्ययन

- औद्योगिक संबंध एवं विनियमन
- श्रमिकों एवं कामगारों के आंदोलन का समाजशास्त्र

dn d çe[k çf'k{k.k fo"k;

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लक्षित समूहों में श्रम अधिकारी, केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों के महिला कामगार एवं प्रतिनिधि, एनजीओ/सिविल सोसायटी, विश्वविद्यालय के छात्र एवं अनुसंधानकर्ता हैं। केंद्र के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के कुछ प्रमुख विषय निम्न प्रकार हैं:

- कौशल विकास एवं रोजगार सृजन
- श्रम कानूनों की मौलिकता
- महिला कामगारों से संबंधित श्रम मुद्दों एवं कानूनों पर जागरूकता सुदृढ़ीकरण
- ट्रेड यूनियन नेताओं के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम
- सामाजिक संरक्षण एवं आजीविका सुरक्षा
- असंगठित क्षेत्र में श्रम कानूनों का प्रभावी प्रवर्तन
- श्रम अध्ययन में अनुसंधान विधियां
- श्रम और वैश्वीकरण का समाजशास्त्र

çe[k dk;'kkyk,@lfeukj

- पर्वतीय क्षेत्र में सामाजिक संरक्षण एवं आजीविका सुरक्षा पर कार्यशाला

वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान और समाजशास्त्र विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल ने 'पर्वतीय क्षेत्र में सामाजिक संरक्षण एवं आजीविका सुरक्षा' पर एक पाँच–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 17–21 दिसम्बर 2018 के दौरान कॉन्फ्रेंस हॉल, यूजीसी–एचआरडीसी, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में किया। इसका उद्घाटन प्रो. अजय सिंह रावत, प्रख्यात पर्यावरण इतिहासकार ने किया। इस कार्यशाला का लक्ष्य प्रतिभागियों को सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों से परिचित कराना तथा सूक्ष्म–स्तरीय आजीविका कार्यक्रम शुरु करने के लिए तकनीक एवं कार्यनीतियां विकसित करना था। इसके उद्देश्य इस प्रकार थे: प्रतिभागियों को सामाजिक संरक्षण की संकल्पना से परिचित कराना, प्रतिभागियों को सामाजिक संरक्षण कार्यक्रमों तथा आम तौर पर देश में एवं विशेष तौर पर राज्य में सूक्ष्म–स्तरीय अनुभवों से परिचित कराना, सामाजिक संरक्षण एवं स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए विभिन्न संस्थागत तंत्रों की भूमिका को समझना, तथा इस क्षेत्र में ग्रामीण आजीविका संरक्षण कार्यक्रमों को शुरु करने के लिए सरकार, ट्रेड यूनियनों एवं सामुदायिक नेताओं की भूमिका

पर विचार–विमर्श करना। इस कार्यशाला में ट्रेड यूनियनों, एनजीओ तथा शोध अध्येताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. डी. एस. बिष्ट, कुमाऊं विश्वविद्यालय तथा डॉ. ओतोजीत क्षेत्रिमयूम, वीवीजीएनएलआई थे।

'पर्वतीय क्षेत्र में सामाजिक संरक्षण एवं आजीविका सुरक्षा' पर कार्यशाला के प्रतिभागीगण

- **iwoksZÙkj Hkkjr esa Je ,oa jkstxkj ij dk;Z'kkyk**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ नॉर्थ ईस्ट स्टडीज़ एंड पॉलिसी रिसर्च और वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के पूर्वोत्तर केंद्र ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ नॉर्थ ईस्ट स्टडीज़ एंड पॉलिसी रिसर्च में 08 मार्च 2019 को संयुक्त रूप से पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला के उद्देश्य इस प्रकार थे: कार्य के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य का पता लगाना; पूर्वोत्तर भारत के संदर्भ में युवाओं, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, प्रवासन, कौशल, उद्यमिता आदि से संबंधित मुद्दों को समझना; प्रतिभागियों को आम तौर पर भारत में और विशेष तौर पर पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के क्षेत्र में हालिया पहलों एवं घटनाक्रमों से परिचित कराना; तथा श्रम एवं रोजगार को शोध विषय के तौर पर लेने हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना। इस कार्यशाला में 50 एम.ए. के छात्रों, शोध अध्येताओं और शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का समन्वय प्रो. अमरजीत सिंह, जामिया मिल्लिया इस्लामिया और डॉ. ओतोजीत क्षेत्रिमयूम, एसोसिएट फेलो ने किया।

- **iwokZsÙkj Hkkjr esa Je ,oa jkstxkj ij dk;Z'kkyk**

पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार पर कार्यशाला के प्रतिभागी समन्वयकों से प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली के स्पेशल सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया और वी वी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के पूर्वोत्तर केंद्र ने जेएनयू, नई दिल्ली के स्पेशल सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया में 19 मार्च 2019 को संयुक्त रूप से पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला के उद्देश्य इस प्रकार थे: कार्य के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य का पता लगाना; पूर्वोत्तर भारत के संदर्भ में युवाओं, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, प्रवासन, कौशल, उद्यमिता आदि से संबंधित मुद्दों को समझना; प्रतिभागियों को आम तौर पर भारत में और विशेष तौर पर पूर्वोत्तर भारत में श्रम एवं रोजगार के क्षेत्र में हालिया पहलों एवं घटनाक्रमों से परिचित कराना; तथा श्रम एवं रोजगार को शोध विषय के तौर पर लेने हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना। इस कार्यशाला में 50 एम.ए. के छात्रों, शोध अध्येताओं और शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का समन्वय डॉ. बिजॉयकुमार सिंह, जेएनयू और डॉ. ओतोजीत क्षेत्रिमयूम, एसोसिएट फेलो ने किया।

Je ,o LokLF; v/;;u dn

स्वास्थ्य प्रणालियों की वह मात्रा, जो विभिन्न सामाजिक समूहों की जरूरतों को पूरा करती है, दुनियाभर में चिंता का विषय है। यह चिंता उन देशों में और भी अधिक है जो तेजी से आर्थिक विकास एवं संस्थागत बदलाव का अनुभव कर रहे हैं। भारत में, जहां अधिकांश लोग गरीब हैं और अपनी आजीविका के लिए अनौपचारिक क्षेत्र पर निर्भर हैं, स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ स्वास्थ्य बीमा के संदर्भ में समानान्तर निष्पक्षता उपलब्ध करवाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य प्रावधानों और कार्य की दुनिया के साथ इसकी अंतर–संबद्धता के प्रमुख मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान में श्रम एवं स्वास्थ्य अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई। यह विशेषीकृत केंद्र, एक वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में कामगारों के सामने उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों को समझने एवं उनका समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। केंद्र के प्रमुख अनुसंधान कार्यकलाप निम्नलिखित हैं:

dn d e[; vu l/kku {k=

- रोजगार एवं उभरते स्वास्थ्य जोखिमों के नये रूप तथा रुग्णता के पैटर्न।
- श्रम बाजार रूपान्तरण और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए इसकी चुनौतियां।
- स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच एवं स्वास्थ्य व्यवहार: जाति, वर्ग, धर्म एवं लिंग के आधार पर इंटरफेस।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली और इसके प्रभाव।
- स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान करने में सामाजिक बीमा की भूमिका।

i jh dh xb ifj;k tuk

1- fyx] dk;l ,o LokLF; & fnYyh ,ulhvkj e vukipkfjd fofuek.k e dk;l lxBu] lkekftd lj{kk ,o lj{kk çko/kkuk dk ,d v/;;u

यह अध्ययन दिल्ली के समान एवं असमान औद्योगिक क्षेत्रों में फैले अनौपचारिक विनिर्माण सैक्टर में किया गया। इस अध्ययन में कार्यस्थल के मानकों तथा कामगारों के स्वास्थ्य, संरक्षा और कल्याण पर इनके प्रभाव को समझने की कोशिश की गई। इस अध्ययन में विशेष रूप से कार्य संगठन के संदर्भ में लैंगिक गतिशीलता को समझने तथा गृह–आधारित इकाइयों में महिला कामगारों पर अनौपचारिक विनिर्माण के प्रभाव का आकलन करने की भी कोशिश की गई।

इस अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्न प्रकार थे:

- दिल्ली में अनौपचारिक विनिर्माण इकाइयों के कार्य संगठन एवं संचालन का समझना

- अनौपचारिक विनिर्माण इकाइयों के विनियमन से संबंधित नीतिगत ढाँचे को समझना तथा इसका विश्लेषण करना
- अनौपचारिक विनिर्माण इकाइयों में कार्यरत कामगारों के प्रोफाइल को समझना
- कार्यस्थल के मानकों तथा कामगारों के स्वास्थ्य, संरक्षा और कल्याण पर इनके प्रभाव के बारे अनौपचारिक विनिर्माण के प्रभावों को समझना
- उनकी सामाजिक सुरक्षा, श्रम अधिकार एवं लिग आधारित चिंताओं से संबंधित प्रमुख सरोकारों का समाधान करना
- विभिन्न हितधारकों के परिप्रेक्ष्य को समझना

ifj.kke

यह अध्ययन में विनिर्माण परिदृश्य में संगठित एवं असंगठित विनिर्माण इकाइयों की भारी उपस्थिति को उजागर करता है। इन इकाइयों में अधिकांश कामगार या तो अनियत कामगार हैं या फिर संविदा कामगार। वे खराब स्वास्थ्य एवं संरक्षा मानकों सहित असुरक्षा के विभिन्न प्रकारों का सामना करते हैं। प्राथमिक सर्वेक्षण के निष्कर्षों और सभी संबंधित हितधारकों के साथ किए गए विस्तृत विचार–विमर्श के आधार पर इस अध्ययन में अनौपचारिक विनिर्माण इकाइयों में नियोजित कामगारों की सामाजिक सुरक्षा एवं अधिकारों में सुधार के लिए अभिनव एवं व्यावहारिक उपायो ंके सुझाव दिए गए हैं। इसमें यह तर्क दिया गया है कि प्रस्तावित सामाजिक सुरक्षा संहिता में सुझाए गए बुनियादी सामाजिक सुरक्षा उपायों के सार्वभौमीकरण से अनौपचारिक विनिर्माण इकाइयों में नियोजित कामगारों के कल्याण में सुधार में काफी मदद मिल सकती है। इसमें यह भी बताया गया है कि सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था के कार्यान्वयन से श्रमिकों की स्थिति में परिवर्तन, अनौपचारिक से औपचारिक, होगा।

v/;;u dk ’k# ,oa ijk djus dh frfFk

अध्ययन को सितम्बर 2017 में शुरु, एवं मई 2018 में पूरा किया गया।

¼ifj;kstuk funs'kd% Mk- :ek ?kks"k] Qyk½

tyok;q ifjorZu rFkk Je dsUnz

